तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 सोरम की मावली मड़ई में दिखी संस्कृति की अनुपम छटा



14 व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



**दहशत :** दोपहर तक घायलों का अस्पताल पहुंचने का सिलसिला रहा जारी

# पागल कुत्ते ने 8 गांवों में मचाया आतंक 15 से अधिक लोगों को काटकर किया घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक पागल कुत्ते ने 8 गांवों में आतंक मचाते हुए 15 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। दोपहर तक घायलों का उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचने का सिलसिला चलता रहा।

बुधवार की सुबह ग्राम परसतराई के ग्रामीण मार्निंग वॉक पर टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। हाथ पैर को काटकर लोगों को घायल करने के बाद कुत्ता वहां से भागकर खरतुली, पेण्डरवानी, परसतराई, लोहरसी में जाकर लोगों को निशाना बनाना शुरु कर दिया। इन गांवों में कई लोगों को काटकर घायल करने के बाद पागल कुत्ता ग्राम पेण्डरवानी पहुंचा, वहां भी लोगों को काटकर घायल कर दिया। इसके बाद कुत्ते ने ग्राम कंवर व बेलौदी में युवा, बुजुर्ग व बच्चों को शिकार बनाया। लगभग 25 किमी तक के गांवों में कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया।

कुत्ते के काटने से 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ग्राम पोटियाडीह के घायल देवनारायण साहू, विक्रम यादव परसतराई ने बताया कि सुबह टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। काफी कोशिश के बाद कुत्ते को दूर भगाया। तब तक कुत्ते ने पैर को काट लिया था। इसी तरह अन्य लोगों पर हमला करते हुए कुत्ता वहां से भाग गया। कुत्ते के हमले से घायल हुए लोग उपचार कराने अस्पताल पहुंचे। यह सिलसिला सुबह से लेकर दोपहर के बाद भी चलता रहा। अस्पताल में घायलों के जख्म पर ड्रेसिंग कर उन्हें एंटीरैबीज का इंजेक्शन लगाकर छुट्टी दे दी गई है।



### एक क्षेत्र से पहुंच रहे डॉग बाइट के मरीज

ड्यूटी में तैनात डा. रचना पदमवार ने मीडिया को बताया कि बुधवार को एक ही क्षेत्र से डॉग बाइट के लगातार मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। एक डॉग आसपास के गांवों में घूम घूमकर लोगों को काट रहा है। लोगों को उपचार व इंजेक्शन लगा एंटीरैबीज डोज के बारे में बताया जा रहा है।



### ये लोग हुए घायल

कुत्ते के हमले से देवनारायण, घसियाराम यादव पोटियाडीह, भूषण सोनबेर परसतराई, जगदीश्वर साहू, सोनईबाई, पेमेश्वरी नेताम खरतुली, कीर्तन साहू पेंडरवानी, बीरसिंग बेलौदी, होतेश साहू 50 वर्ष कंवर, राम्हीन साहू बेलौदी, निधि गुरवानी 60 वर्ष सहित अन्य लोग घायल हुए हैं।

# चुनाव शेड्यूल पीछे, जनवरी से पहले रिजल्ट की संभावना नहीं

- पांच नगरीय निकायों में परिसीमन पर स्टे लगे होने के कारण आई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय निकाय चुनाव पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। पहले ही चुनाव शेड्यूल पीछे चल रहा है। अब चर्चा है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की तारीख का एक्सटेंशन किया जाएगा। ऐसा हुआ तो चुनाव की तारीख और बढ़ जाएगी। फिलहाल इसे लेकर कोई लिखित निर्देश नहीं मिला है।

इस साल नगरीय निकाय चुनाव का शेड्यूल पीछे चल रहा है। पांच साल पहले हुए नगरीय निकाय चुनाव पर नजर डालें तो 25 नवंबर को आचार संहिता लग गई थी। 30 नवंबर से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। इस साल तो अब तक आचार संहिता का अता- पता नहीं है। तय शेड्यूल के अनुसार धमतरी सहित अधिकांश जिलों में 27 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। वहीं राजनांदगांव सहित पांच जिलों में 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद ही चुनाव की घोषणा की जाएगी। पूरे प्रदेश में एक साथ नगरीय निकाय चुनाव होना है। यानी चुनाव की घोषणा 11 दिसंबर के बाद होगी। ऐसे में चुनाव लगभग एक माह पीछे हो जाएगा। उधर अधिकारियों के बीच नई चर्चा चल रही है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची में भी नाम जोड़ने और काटने का काम चल रहा है। इसमें 1 अक्टूबर 2024 को 18 साल पूरे कर चुके युवाओं का नाम जोड़ा जाना है। चर्चा के अनुसार इसी सूची के आधार पर नगरीय निकाय चुनाव की मतदाता सूची तैयार की जानी है। ऐसा हुआ तो नगरीय निकाय चुनाव में और विलंब होगा।



### इसलिए पीछे चल रहा शेड्यूल

राजनांदगांव सहित कई नगरीय निकाय में परिसीमन को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगी थी। परिसीमन पर स्टे लगा दिया गया था। जिसके चलते मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य नहीं हो पाया था।

### पांच साल पहले 25 नवंबर को लगी थी आचार संहिता

पांच साल पहले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश में 25 नवंबर को चुनाव की घोषणा की गई थी। 30 नवंबर से नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला भी शुरू हो गया था। 21 दिसंबर को मतदान हुआ था और 24 दिसंबर को नतीजे भी घोषित कर दिए गए थे। इस साल चुनाव शेड्यूल एक माह लेट हैं। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ही चुनाव की तारीख घोषित की जा सकेगी। रिजल्ट जनवरी माह में आएगा।

# सिंचाई विभाग कॉलोनी में खुल रही जल जगार की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जल संसाधन विभाग की कॉलोनी में ही जल जगार कार्यक्रम की पोल खुल रही है। पिछले करीब 3 माह से यहां पानी टंकी की मुख्य पाइप लाइन फूटी हुई है। मरम्मत पर ध्यान नहीं देने के कारण घरों के सामने पानी बह रहा है। मच्छर, मक्खी और गंदगी से लोग परेशान हैं।



जल संरक्षण का संदेश देने के लिए जिले में जल जगार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले गंगरेल बांध में कलेक्टर नम्रता गांधी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सिंचाई विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम होने के बाद अधिकारी ही जल संरक्षण के संदेश को भूल गए। शायद यही कारण है कि पिछले करीब 3 माह से कॉलोनी के सामने पानी भरा हुआ है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि टंकी की मुख्य पाइप लाइन फूट गई है। टंकी से पानी सप्लाई शुरू होते ही यहां पर पानी की धारा फूटती है। मरम्मत नहीं होने के कारण यहां पर पूरी सड़क में पानी भरा हुआ है। घरों के सामने पानी भरे होने से कॉलोनीवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 11 को

**मगरलोड।** राजस्व ग्राम पटेल संघ मगरलोड तहसील की बैठक 11 नवंबर सोमवार को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर परिसर मगरलोड में रखी गई है। बैठक में संघ के नए पदाधिकारी का गठन, संघ की गतिविधि एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सलाहकार रेखा नारायण साहू, सचिव घनश्याम ध्रुव ने दी है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



**शिक्षा : पांच वर्षीय बीए, एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने 27 पद किये स्वीकृत**

# विधायक चंद्राकर के सपनों के कुरुद को साकार कर रही छग की विष्णुदेव सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में एक और नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर के सपने को साकार करते हुए छग शासन ने कुरुद शहर में पांच वर्षीय बीए, एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू करने विभिन्न पदों के लिए कुल 27 पद की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक के इस प्रयास व सरकार के इस फैसले से कुरूद शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। इससे न केवल स्थानीय छात्रों को लाभ होगा बल्कि आसपास के क्षेत्र के छात्र भी यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग छग शासन ने 30 अक्टूबर 2024 को आदेश जारी करते हुए कुरुद में बीए, एलएलबी (5 वर्षीय) पाठ्यक्रम की स्थापना करने सहायक प्राध्यापक अंशकालिक हेतु 13 एवं क्रमशः ग्रंथपाल, अं का., क्रीड़ाधिकारी अं. का., सहायक ग्रेड एक, हॉस्टल



अधीक्षक, सहायक ग्रेड 2, डाटा एंट्री आपरेटर, सहायक ग्रेड 3, भृत्य, बुक लिफ्टर, स्वच्छक व चौकीदार के लिए 1-1 पद सृजन के साथ कुल 27 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा नीत विष्णुदेव सरकार के इस निर्णय से कुरूद के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। अब उन्हें वकालत विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महानगर जाने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने ही शहर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

### बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर बनेगा

उल्लेखनीय है कि गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में डिप्लोमा, डिग्री, पीजी के साथ विभिन्न विषयों में शोध कार्य करने वाले विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। कृषि महाविद्यालय भी संचालित हैं। इसके साथ ही सरकार की नई घोषणा व स्वीकृति के अनुरूप अब यहां पॉलीटेक्निक व पाँच वर्षीय बीए, एलएलबी का कोर्स भी शुरू होने जा रहा है। नए विषयों और संकायों के शुरू होने से कुरूद के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। परिणामस्वरूप नगर का शिक्षा के क्षेत्र में जहां सर्वांगीण विकास होगा वहीं यह एक बेहतर मानव संसाधन उत्पन्न करने वाला शहर भी बनेगा।

### शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा कुरुद

स्वीकृति की खबर पाकर नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर, अधिवक्ता मुकेश साहू, सांसद प्रतिनिधि मूलचंद सिन्हा, कांट्रेक्टर राजेश पवार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताते हुए कहा कि नए विषयों और संकायों के शुरू होने से कुरूद में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। इससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। वे इन विषयों में विशेषज्ञ बनकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना सकेंगे। साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आने वाले समय में कुरूद एक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

### कुरूद के विकास में मील का पत्थर

नगरवासी बीरेंद्र बैस, तिलोक जैन, कृष्णकांत साहू ने कहा कि यह निर्णय कुरूद के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। कुरूद का नाम पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा। अब कुरूद के शिक्षण संस्थानों को इन नए विषयों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने होंगे। साथ ही कुशल शिक्षकों की भर्ती भी की जाएगी। सरकार को भी इन संस्थानों को विकसित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करनी होगी। कुरूद को शिक्षा हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कुरूद के युवाओं के लिए नई संभावनाएं खुल गई हैं।

# सिवनीकला स्कूल के शिक्षक ने अयोध्या में किया मंच संचालन



- कर्मभूमि में एसएमसी ने शॉल, श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम मरौद से संचालित मानस दर्शन जीवन अर्पण के संचालक दीपक गुहा को पद्म विभूषण पंडित श्रीरामकिंकर महाराज के जन्मोत्सव पर अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मंच संचालन का मौका मिला। इससे उन्होंने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

विदित हो कि दीपक गुहा हाईस्कूल सिवनीकला में रसायन विषय के शिक्षक हैं। 6 नवंबर को शाला विकास समिति ने हार पहनाकर शॉल, श्रीफल भेंट किया। इस दौरान हाईस्कूल एसएमसी अध्यक्ष टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हाईस्कूल के शिक्षक मानस संघ से जुड़े हुए हैं। उनको मंच संचालन का मौका मिला।

मौके पर सुशील साहू, कपिल पटेल, दीपदान साहू, खिलावन चंद्राकर, नंद निर्मलकर, किशोर साहू, सुरेश साहू पंच, गिरधर निर्मलकर, राजकुमार सेन, रामेश्वर साहू, टीआर पटेल, एनएस साहू, पी. ठाकुर, आर. कोसरे, एलके नायक, सुनीता मारकंडे, केके गायकवाड़, डीडी. निर्मलकर, डीआर बंजारे टिकेश्वरी साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, हरीश साहू, जीतेश्वर साहू, अजय साहू सहित समिति के सदस्य, ग्रामीण और शिक्षकगण उपस्थित थे।


# आयुक्त ने किया जैविक खाद व मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- गार्डन निर्माण और कचरा प्रबंधन पर दिया विशेष जोर

नगर निगम की नवनियुक्त आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने बुधवार की सुबह महिमा सागर वार्ड स्थित जैविक खाद केंद्र व मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयुक्त को जानकारी दी कि जैविक खाद केंद्र पूर्व में ट्रेंचिंग ग्राउंड था जहां कचरे का एक विशाल पहाड़ था, जिसे 100 प्रतिशत डिकंपोज कर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उक्त ग्राउंड में गार्डन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।



गौरतलब है कि गार्डन परियोजना के तहत बाउंड्री निर्माण, पाथवे, बोरवेल,पौधारोपण और अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। इन योजनाओं के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड को एक हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने की दिशा में आवश्यक संरचनात्मक बदलाव किए जायेगा। बाउंड्री से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पाथवे से स्थानीय लोग आसानी से वहां भ्रमण कर सकेंगे और बोरवेल के माध्यम से जल की उपलब्धता भी रहेगी। इसके अलावा पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

आयुक्त ने मणिकंचन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र में संचालित गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना और वहां की कार्यप्रणाली को समझना था। इस दौरान आयुक्त ने केंद्र की संचालन व्यवस्था की सराहना की और बेहतर परिणामों के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक उत्साह के साथ निभाएं। आयुक्त ने मणिकंचन केंद्र के भविष्य की योजनाओं पर भी विचार किया और सुझाव दिए कि किस तरह तकनीकी सुधार और संसाधनों के उपयोग से केंद्र की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। आयुक्त ने शहरवासियों से शहर में संचालित 10 मणिकंचन केंद्र पर विजिट करने की अपील की है, ताकि वे कचरा प्रसंस्करण की पूरी प्रक्रिया को समझ सकें और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें। आयुक्त गोयल ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयासरत रहेगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

# खुटगांव ने डीआरजी को किया पराजित

- छिपली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 55 टीमों ने दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम छिपली में जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जिला स्तरीय क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 55 टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। स्पर्धा में क्रिकेट क्लब खुटगांव की टीम विजयी रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल संयोजक नागेंद्र शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, महामंत्री हृदय साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक रूपेंद्र साहू, ग्राम पटेल मनहरण साहू, उपसपंच राधा बाई ध्रुव, अधिवक्ता तुलसी राम साहू, मीडिया प्रभारी जिला विधि प्रकोष्ठ, मदन पटेल, गुरुप्रसाद साहू,




मन्नूलाल यादव, दानेश्वर ध्रुव, टेमन लाल साहू थे। अतिथियों ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। छत्तीसगढ़ शासन के सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से लोक सांस्कृतिक संस्था लोक प्रयाग नवापारा राजिम की प्रस्तुति हुई। प्रतियोगिता में खुटगांव क्रिकेट क्लब जिला गरियाबंद की टीम ने डीआरजी नगरी को पराजित किया।

मौके पर जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब के संरक्षक हृदयलाल साहू, अध्यक्ष अरुण पटेल, रुस्तम नवरंग, नीलकमल साहू, विवेक साहू, मिराज साहू, लकेश्वर यादव, भूपेंद्र देव, आशीष नेताम, पप्पू नाग, लक्की निषाद, रूप कश्यप, तरुण साहू, लुकेश्वर कश्यप, नागेन्द्र देव, तोषण, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नंद देव, गीतेश्वर निषाद समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन तोमल साहू, लखेश्वर यादव ने किया। यह जानकारी अधिवक्ता तुलसीराम साहू ने दी है।

# कृषि वैज्ञानिक अमित को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कृषि विज्ञान केंद्र सम्बलपुर धमतरी में पदस्थ वैज्ञानिक अमित कुमार सिन्हा को पीएचडी की उपाधि मिलने से समाज एवं परिवार में हर्ष व्याप्त है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियंत्रिकी में इंजीनियर अमित कुमार सिन्हा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध प्रबंधन डॉ. एस.



पटेल प्राध्यापक के मार्ग दर्शन में प्रस्तुत किया था। शोध का मुख्य विषय लेमन ग्रास आवश्यक तेल की पुर्नप्राप्ति और गुणवत्ता पर रोपण कटाई और प्रसंस्करण समय का प्रभाव था। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में इंजीनियर अमितकुमार सिन्हा पिता भीषम सिन्हा मां दया सिन्हा कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी संबलपुर में विषय वस्तु विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। अमित कुमार सिन्हा को डॉक्टर की उपाधि मिलने पर कृषि वैज्ञानिक पत्नी प्रिया सिन्हा, दिनेश सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, गौतम सिन्हा, शुभम, धनसिंह सेन सहित परिवार एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मितान धारा फाउंडेशन ने इलाज के लिए दो हजार दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम मोंगरा निवासी हेमिन धुव हाथ, पैर दर्द के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित होकर इलाज के लिये भटक रही थी। मितान धारा फाउंडेशन को इसकी जानकारी होने पर श्रीमती ध्रुव के इलाज हेतु 2000 रूपये की सहयोग राशि दी। फाउंडेशन से जुड़े ग्रामीण हेमराज विश्वकर्मा ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य बेसहारा को सहारा देना है। हेमिन धुव ने उन्हें बताया कि शारिरिक समस्याओं के



चलते वह कुछ भी काम नहीं कर पाती थी और उन्हें इलाज के लिये पैसों की दिक्कत हो रही थी। मितान धारा फाउंडेशन ने 2000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

# अहिल्याबाई होल्कर ने क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया

- सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में 300वीं जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर समारोह समिति कुरूद खंड द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के खंड अध्यक्ष देवनाथ चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, सदस्य लक्ष्मीकांत द्विवेदी, धनेश्वर निर्मलकर, दक्षिणेंद्र गिरी गोस्वामी, नेमीचंद बैस, शशांक कृदत्त बतौर अतिथि थे।

कार्यक्रम में आचार्या देवेश्वरी साहू, इंदिरा लहरे ने अपने उद्बोधन में






अहिल्याबाई के जीवन वृतांत का जिक्र करते हुए कहा कि 31 मई 2024 से देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300 वां जयंती वर्ष प्रारंभ हो गया है। उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक गौरवशाली स्वर्णिम पर्व है। ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी प्रेरणास्रोत है। वे कर्तव्य परायण, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण, प्रशासनिक कुशलता, दूरदृष्टि एवं उज्जवल राष्ट्रीय चारित्र्य का अद्वितीय आदर्श थीं। मंदिरों की पूजन-व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक विधर्मी आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का उन्होंने पुनर्निर्माण करवाया।

देवनाथ चंद्राकर ने अहिल्याबाई, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती , गुंडाधुर, वीर नारायण सिंह जैसे अनेक महापुरुषों एवं क्रान्तिकारियों का जिक्र करते हुए कहा कि गुलामी के कालखंड में मुगलों एवं अंग्रेजों के साथ वीर योद्धाओं ने लड़ाई लड़ी जिनका आजादी के बाद इतिहास लिखने वालों ने जिक्र भी नहीं किया और किया भी तो बहुत कम। वर्तमान में ऐसे महापुरुषों का जिक्र हो रहा है जिनका जीवन कृतांत हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीनिवास शुक्ला, प्रधानाचार्य जितेंद्र निर्मलकर, कल्पना साहू, देवेश्वरी, इंदिरा लहरे, डिगेश्वरी यदु, देवराज वर्मा, देव कुमार साहू, तेजेंद्र यदु, रामस्वरूप यादव उपस्थित थे।

# मां अंगारमोती के दरबार में आज होगी मड़ई




हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

इस वर्ष भी ग्राम पुरेना स्थित मां अंगार मोती के दरबार में दीपावली त्योहार के बाद आने वाले पहले शुक्रवार को मड़ई मेला का कार्यक्रम होता है। बरसों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए 8 नवंबर को मड़ई मेला का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पुरेना स्थित मां अंगार मोती अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। यहां आने वाले भक्त कभी खाली हाथ वापस नहीं जाते।

यहां के पुजारी महेश टंडन ने बताया कि यहां मां अंगारमोती विराजमान हैं। मां अंगारमोती यहां आने वाले अपने सभी भक्तों की इच्छा पूरी करती हैं। यहां खासकर निःसंतान दम्पत्ति संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर ज्यादा आते हैं और माता उनकी इच्छा जरूर पूरी करती हैं।

## समाजसेवियों ने राशन सामग्री प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छिपली निवासी शत्रुघन निषाद कर आकस्मिक निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर नगरी क्षेत्र के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, हृदय साहू, गुरुप्रसाद साहू ने मृतक की पत्नी सुकारो बाई निषाद, पुत्र गीतेश्वर निषाद से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। समाजसेवियों ने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए राशन सामग्री प्रदान की।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**गुहाननाला के किसानों की सराहनीय पहल, नियम विरुद्ध गए तो 25 हजार जुर्माना**

# एक से सवा एकड़ में ही धान फसल लेने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत गुहाननाला के किसानों ने जल भूजल स्तर और फसल चक्र परिवर्तन को लेकर सराहनीय पहल की है। किसानों ने गांव में बैठक कर दलहन, तिलहन फसल लेने का सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया है। किसानों ने बताया कि बैठक में इस वर्ष गर्मी के सीजन में एक से सवा एकड़ में ही धान की फसल लेने तथा बाकी के अन्य रकबा में दलहन, तिलहन और सब्जी की खेती करने का निर्णय लिया है। किसानों ने खेत में पराली नहीं जलाने का भी फैसला लिया है।

बताया गया कि इस निर्णय के खिलाफ जाकर कोई भी किसान एक या सवा एकड़ से ज्यादा भूमि में धान की खेती करते पाया गया तो उस पर 25



हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। किसानों ने बताया कि गांव में करीब साठ से सत्तर कुआं है जहां पहले पानी भरा रहता था, लेकिन वर्तमान में सभी कुएं, नाला और तालाब सूखे की स्थिति में है। बैठक में मुकेश मंडावी ग्राम सभा अध्यक्ष, बंशीलाल सोरी कृषि सभापति जनपद पंचायत नगरी, राजा वट्टी, हीरालाल मरकाम, जयलाल मरकाम, अमृत लाल मंडावी, तुलसी राम सोरी, अंकालू नेताम, किशन लाल मरकाम, संजय मरकाम सहित बड़ी संख्या में गुहाननाला के किसान मौजूद रहे।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# सोरम की मावली मड़ई में दिखी संस्कृति की अनुपम छटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल की प्राचीन संस्कृति से रचा बसा सांस्कृतिक पर्व मड़ई मेला का आगाज हो गया है। एक जमाने में सो प्लस अंह मंत्र की तपोभूमि रहा ग्राम सोरम में गुरुवार को मां मावली की मड़ई ग्रामीणों ने परम्परानुसार मनाई। इस दिन मां मावली की पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे थे। दीपावली के बाद अंचल में मड़ई मेला का दौर शुरू हो गया है। आज गंगरेल, हटकेशर, माकरदोना सहित अन्य गांवों में मड़ई का आयोजन होगा। शहर से पांच किमी दूर ग्राम सोरम में घर-घर मेहमानों का आगमन होने लगा। गांव में चहल पहल के साथ उत्साह का वातावरण देखते ही बन रहा था। डांग डोली रखने वाले लोग अपने देवी देवताओं को नए परिधान से सजाने लगे। सोरम स्थित मां मावली की सेवा में जुटे गणेशराम साहू ने बताया कि दीपावली के बाद आने वाले गुरुवार को मावली माता की मड़ई निश्चित रहती है। इसके बाद ही मां अंगारमोती की मड़ई होती है। उन्होंने बताया कि एक बार मावली मड़ई से पहले मां अंगारमोती की मड़ई रखी गई थी। तब मां अंगारमोती मड़ई गए देव विग्रह डांग डोली मावली माता के दरबार पहुंच गए। यहां से फिर गंगरेल पहुंचे तक मां अंगारमोती की मड़ई हो पाई।

### मड़ई नहीं हुई तो लग जाती है बधवाई

पड़ोस के बोरिद, बेलतरा गांव से अपने डांग डोली देव विग्रह के साथ सोरम मड़ई पहुंचे बैगा चैतराम ध्रुव, मनोहर यादव, महावीर ध्रुव, धर्मपाल ध्रुव ने बताया कि मावली मड़ई का निमंत्रण मिलने पर वे अपने कुलदेवी देवताओं के साथ सोरम के मड़ई स्थल पहुंचे हैं। उनके साथ डांग डोली के रूप में शीतलामाता, बूढ़ीमाई, दंतेश्री भूमिहार डोकरा बाबा आए हैं। उन्होंने बताया कि मावली मड़ई नहीं होने पर बधवाई लग जाती है। बधवाई का मतलब स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं कि बाघ, शेर आदि हिसंक जानवर गांव में घुसकर गाय, बकरी आदि पालतू पशुओं का शिकार करने लगते हैं। गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो जाता है। इस कारण माता की मड़ई परम्परानुसार मनाते हैं।

### सतबहनी में सबसे बड़ी है मां मावली

ग्रामीण राजेंद्र साहू, संतराम साहू, सदाराम, झुमुक साहू ने बताया कि माता मावली सात बहनों में सबसे बड़ी है। इनके बाद मां अंगारमोती, बिलाईमाता, माता चण्डी, कुम्हड़ई दाई, मनकेशरी माता है। बताया जाता है कि अंगारा ऋषि सातों बहनों को लेकर जंगल भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान सातों देवियां अपनी पसंद के स्थानों पर विराजित हो गईं।

### क्या है सोहम मंत्र का मतलब

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि सोहम एक हिन्दू मंत्र है। जिसका अर्थ मैं हूं। इसकी सही वर्तनी सोऽहम है। उच्चारण सो अहम यह सो और अहम से मिलकर बना है। सो का अर्थ वह और अहम का अर्थ है मैं। इस तरह सोहम का अर्थ मैं वह हूं। वह ईश्वर के लिए तथा मैं आध्यात्मिक साधक के लिए प्रयुक्त हुआ है।

### सो+अहं से नाम पड़ा सोरम

ग्राम सोरम निवासी डा.ललित साहू, ग्राम पटेल जगन्नाथ साहू ने हरिभूमि से गांव के इतिहास के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि भगवान राम ने वनवास काल में रूद्री, सोरम, विश्रामपुर होते हुए पदयात्रा की थी। राम वन गमन वाले इस रास्ते में घनघोर जंगल था। यह क्षेत्र उस समय दण्डकारण्य का प्रवेशद्वार था। ग्राम सोरम उस जमाने में तपोभूमि था। यहां ऋषि मुनि तप में रह रहते हैं। सो + अहं का मंत्र जाप तप साधना होने के कारण इस गांव का नाम सोरम पड़ा।

# मौसम शुष्क, न्यूनतम तापमान यथावत रहेगा

**धमतरी।** नवंबर माह का पहला सप्ताह बीतने के बाद भी तापमान में विशेष गिरावट नहीं आई है। आगामी पांच दिनों तक तापमान में खास परिवर्तन की गुंजाइश नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान छग के दक्षिण में बीजापुर जिले का रहा। यहां 32.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान मापा गया है, वहीं प्रदेश के उत्तर में स्थित अंबिकापुर जिले में सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। वहीं छग के मध्य में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 32 से 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विज्ञानी अल्बर्ट मिंज ने सूचना जारी कर कहा है कि छग में आगामी 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सिनोप्टिक सिस्टम भी निरंक है। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



छठ महापर्व का तीसरा दिन : नदी, तालाब में कमर तक पानी में उतरकर सूर्य की आराधना की

# व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य









**रूद्रेश्वर घाट में भी हुई पूजा**

रूद्री स्थित रूद्रेश्वर महानदी घाट में भी व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया व भास्कर से आशीर्वाद लिया। व्रती परिवार विनोद चौधरी, रामकुमार यादव, अशोक चौधरी, विवेक, अभिषेक, कुंदन, प्रभात, साहिल, रामप्रवेश, अनामिका, सुनीता, प्रमिला, संतोष तिवारी आदि ने बताया कि वे हर साल छठ पूजा में भाग लेते हैं। विधि-विधान से सभी व्रती परिवार ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उत्तर भारतीयों का परंपरागत त्योहार छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने तालाब, सरोवर व नदी में कमर तक पानी में उतरकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान व्रती निर्जला व्रत का पालन भी करती हैं। इसके साथ लोक गीत गाया। पूजा में विशेष मंत्र का उच्चारण किया। पूजा के दौरान छठी मैया को स्मरण किया। पूजन के बाद बांस की टोकरी में रखे ठेकुआ फल, नारियल, गन्ना व अन्य पूजा सामग्री सूर्य देव को अर्पित की।

आमातालाब पहुंची व्रती महिलाएं एवं उनके परिजन अमलेश झा, जयप्रकाश झा, अमित सिंह, आनंद सिंह, हेमंत साहू, डिगेश शर्मा, राजेश ठाकुर, अनिल पाठक, डिम्पल सिंह, मीनू सिंह, नीतू सिंह, खुशबू साहू, प्रेमदेवी झा, रूपा झा, रीता चौहान, जुनिया चौहान ने बताया कि शहर में 250 से अधिक ऐसे परिवार हैं जो छठी महापर्व की उपासना में भाग लेते हैं। नहाय खाय से शुरू हुअस यह पर्व चार दिनों तक चलता है। दूसरे दिन खरना होता है। तीसरे दिन गुरूवार को सभी व्रती महिलाएं एवं उनके परिजनों ने तालाब, नदी में इकट्ठा होकर कमर तक पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया एवं भगवान भास्कर और छठी मैया का आशीर्वाद लिया। इस दौरान सभी व्रतधारियों ने निर्जला व्रत का पालन किया।

उन्होंने बताया कि छठ माता और भगवान सूर्य की उपासना करने से परिवार की सुख, शांति, समृद्धि में वृद्धि होती है। दीर्घायु व पुत्र की कामना पूरी होती है। 36 घंटे के उपवास में कई कठिन नियमों का पालन करना होता है। छठ महापर्व प्रकृति को भी समर्पित है। पूजा सामग्री में प्रकृति प्रदत्त फल, सब्जियां व अन्य वस्तुएं शामिल होती हैं।

## सूर्य की उपासना से सुख समृद्धि आती है

व्रती परिवार महेन्द्र पंडित, ओमप्रकाश द्विवेदी, प्रीति द्विवेदी, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, नीतू सिंह, रितिका यादव, पूजा कुशवाहा, प्रिया कुशवाहा ने बताया कि छठ पर्व भेदभाव को खत्म करता है। भगवान भास्कर को समर्पित इस पर्व में सूर्य की उपासना करने से सुख समृद्धि की कामना की पूर्ति होती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अमृता सेंगर सपरिवार उपस्थित होकर सूर्य की आराधना कर छठी मैया की पूजा जअर्चना की। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से आ रहा यह पर्व अब भारत की संस्कृति का हिस्सा बन चुका है।



# छठ पूजा पंच तत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व : प्रीतेश





**समाज की समृद्धि तथा उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रार्थना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भगवान सूर्य देव की उपासना करते हुए छठी मैया के प्रति आस्था व श्रद्धा के समर्पण का छठ पर्व बिहार प्रांत तक सीमित था। वह अब पूरे देश में विस्तारित होकर मनाया जाने लगा है। शहर के रुद्रेश्वर घाट एवं आमातालाब में डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरी भक्ति भावना के साथ इस अनुष्ठान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा प्रीतेश गांधी ने समाज के सुख, शांति, समृद्धि तथा उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रार्थना की।

उन्होंने छठ पूजा को पंच तत्व पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, मिट्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने व राज्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देने वाला पर्व बताया।

मौके पर राजेंद्र शर्मा, त्रिभुवन सिंह, श्रीमती प्रभावती सिंह, उत्तम गोस्वामी, संतोष तिवारी, गोपाल पाण्डेय, विजय सिंह, शोभा साहू, ललन साहू, कृष्णा सिंह, परमशीला साहू, मंजु गोस्वामी, महेंद्र तिवारी, सीमा साहू, गीता देवी, राहुल, आदित्य, महेंद्र पंडित, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा उपस्थित थे।

## बच्चों को किया मोटिवेट

कोर्रा(भखारा)। शाउमावि सिलौटी में इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटोमिक रिसर्च कल्पकम (चेन्नई) के वैज्ञानिक भानुप्रकाश साहू का आगमन हुआ। बच्चों के बीच अपने अनुभव को साझा किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से बच्चों को मोटिवेट किया। बच्चों ने अनेक प्रश्न किए। उन्होंने बहुत ही सरलता के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिये।

# मुहूर्त खरीदी में धान की आवक बढ़ी



**धमतरी।** दीपावली त्योहार की छुट्टियों के बाद बुधवार को पंचमी पर कृषि उपज मंडी में व्यापारियों एवं किसानों की उपस्थिति में मुहूर्त खरीदी हुई। धान की पूजा के बाद व्यापारियों ने बोली लगाई। पहले दिन ही 1818 कट्टा धान की आवक हुई। रेट वाजिब मिलने से किसान खुश नजर आए। मंडी के श्री देवदास ने बताया कि बुधवार को कृषक प्रतिनिधि माधव राव पवार, लक्ष्मीनारायण साहू, रमेश गोलछा, हामिद खान, राधेश्याम राठी सहित किसान नारद राम, भूखन लाल, श्रमिक भुवन लाल, पुनारद आदि की उपस्थिति में मुहूर्त खरीदी हुई। इस दिन आईआर 64 को 2332, सांभा नया को 2281, सांभा पुराना 2591, 1001 धान को 2281, गोल्डन सांभा को 2401, सरोना को 2275, ओमश्री को 2661, महेन्द्रा धान को 2661 का भाव मिला।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशिः-स्लीपर -16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

